भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

<u>कानपुर हवाईअड्डा विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ समग्र विकास की ओर अग्रसर।</u>

नई दिल्ली , 01 **सितंबर**, 2022 : कानपुर नगर उत्तर प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी है और चमड़ा, कपड़ा, रक्षा संबंधी उत्पादों का केंद्र है। यह शहर ऐतिहासिक तीर्थ स्थानों और विभिन्न प्रमुख संस्थानों के लिए भी जाना जाता है इसलिए यह नगर बड़ी संख्या में हवाई यात्रियों को आकर्षित करता है। वर्तमान में कानपुर हवाई अड्डा सीधे चार शहरों दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और गोरखपुर से जुड़ा हुआ है।

भाविप्रा ने यात्री यातायात में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए 143.6 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि के साथ कानपुर हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विकास कार्य शुरू किया है। विकास परियोजना में एक नए टर्मिनल भवन का निर्माण और तीन ए-321 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त एप्रन शामिल है।

6248 वर्गमीटर के क्षेत्र में निर्मित सिविल एन्क्लेव के नए टर्मिनल भवन को व्यस्ततम समय के दौरान 300 यात्रियों को संभालने हेतु डिज़ाइन किया जाएगा। सभी आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ , टर्मिनल में आने वाले यात्रियों के लिए आठ चेक-इन काउंटर, कन्वेयर बेल्ट होंगे। 150 कारों की पार्किंग के लिए एक पार्किंग क्षेत्र की भी योजना बनाई गई है। टर्मिनल भवन संधारणीय सुविधाओं के साथ एक चार सितारा गृहा (GRIHA) रेटेड ऊर्जा दक्ष भवन होगा। टर्मिनल का अग्रभाग कानपुर के प्रसिद्ध जेके मंदिर से प्रेरित स्थानीय कला और स्थान की विरासत को भी प्रतिबिंबित करेगा। विकास परियोजना को 31 दिसंबर, 2022 तक पूर्ण होने की संभावना है।

बढ़ी हुई क्षमता के साथ कानपुर हवाई अड्डे के सिविल एन्क्लेव के विकास से इस नगर से संपर्क में सुधार होगा जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा

जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: मप्र (नि सं) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या : 18/2022-23

प्रस्तावित टर्मिनल भवन का सिटीसाइड एलिवेशन

प्रस्तावित टर्मिनल भवन का 3**डी** (3D) **दृश्य**

एनटीबी – अग्रभाग

एनटीबी – शहर की ओर कैनोपी

कॉनकोर्स क्षेत्र

हरित भू सौंदर्यीकरण